
श्री. शांतिलालजी मुथ्था
संस्थापक, BJS

# BJS eबुलेटीन 2020

Edition 3, 7th April 2020

JAINS FOR INDIA
BJS
Bharatiya Jain Sanghatana

## संपादक की कलम से



प्रिय स्नेहीजन,

कल 6, अप्रेल, 2020 को भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव दिवस था. आप सभी को इस अवसर की हार्दिक शुभकामनाएं एवं अभिनन्दन. सम्भवतः यह प्रथम अवसर है कि हम भगवान के जन्मकल्याणक को सार्वजनिक तौर पर उत्सवित नहीं कर सके. वास्तविकता यह भी है कि हमारे जीवन में जो पूर्व में कभी घटित नहीं हुआ वह पिछले 20 दिनों में हुआ है. कल आदरणीय प्रधानमंत्री की अपील पर पूरे देश में रात्रि 9 बजे दीप प्रज्ज्वलित किये गए जो कोरोना रूपी अंधकार से मुक्ति के संकल्प का प्रतीक था.

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात कोविड 19 नामक सर्वाधिक भीषण विपत्ति देश पर आयी है. इसे परास्त कर देने हेतु सभी प्रयास किये जा रहे है किन्तु पिछले 4 दिनों में वायरस से प्रभावित रोगियों की संख्या दुगनी हो कर हज़ारों में पहुंची है जो हम सभी के लिये चिंता का विषय है. यह अब समाज में ( local transmission) फैल रहा है, जिसे रोकने हेतु धैर्य, संयम और Social Distancing ही इसका श्रेष्ठ विकल्प है.

आचार्य विद्यासागरजी महाराज साहब ने महावीर जन्मकल्याणक के अवसर पर देश को दिए संदेश में कहा कि महावीर के 5 सिद्धांतों को अपनाकर कोरोना को हराया जा सकता है. तामसिक भोजन से कोरोना फैला है, ऐसे समाचार मिलते रहे हैं. मांसाहार त्याग कर इस बीमारी से बचा जा सकता है. सत्य छिपाया जा रहा है, इसी कारण रोगियों की संख्या में वृद्धि हो रही है. अपरिग्रह की भावना से ही इस विपत्ति में जरूरतमंदों को सहायता कर इस प्रलय की भीषणता को कम कर सकेंगे. आशा करें कि देश शीघ्र ही इस विपत्ति से बाहर आएगा.

BJS family facebook live पेज श्रृंखला के तीसरे दिन विशेषज्ञ श्री रितेश जैन, नोएडा द्वारा 3 अप्रेल को 'plan your career - plan your life' विषय पर सलाह तथा मार्गदर्शन के साथ विद्यार्थियों तथा युवाओं के प्रश्नों के उत्तर दिए, जिसे इस अंक में लिपिबद्ध कर आपके लिए प्रकाशित कर रहे हैं. हम श्री रितेश जैन द्वारा BJS को दी जा रही सेवाओं के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं.

**निरंजन जुंवा जैन**
सदस्य - BJS राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति

April 3

**BJS FAMILY SUMMIT** Live Face book Series
**DAY 3**

## PLAN YOUR CAREER - PLAN YOUR LIFE



**Ritesh Jain,** Noida is a Career Counselor, Mentor, Motivational Speaker who mentored 30,000+ students, sent 500+ Students to IIM, conducted 600+ guest lectures. Providing services to BJS through Career Guidance workshops

आपने एक कहानी से वार्तालाप प्रारम्भ किया. एसा बालक जिसका दाहिना हाथ दुर्घटना के कारण नहीं रहा, वह किस तरह जुडो चेम्पियन बना. उस बालक ने नकारत्मक विचारों को सकारात्मकता में ही नहीं बदला अपितु स्वयं की unique signature strength को पहचाना. उस बालक के कोच ने उसे एक ही मंत्र दिया कि तुम्हारे बाएँ हाथ से सामने वाले के दाहिने हाथ पर पूरी शक्ति से प्रहार करोगे तो जीत निश्चित है. सामने वाला उसके दाहिने हाथ पर प्रहार कर ही नहिं सका क्योंकि उसका दाहिना हाथ था ही नहीं और यही उसकी

unique signature strength थी जो सामने वाले की कमज़ोरी बनी. हम हमारी उस strength को पहचाने तो career निश्चित है.

मैं मेरे talent को recognize कैसे करूं? Talent को enhence कैसे करूं? यह समझ जिस दिन आएगी उस दिन talent स्वतः बाहर आएगा. आपने कहा कि lockdown period आपके लिये सुनहरा अवसर है. इस अवसर का समुचित प्रयोग करें. मैं आपको जगाने आया हूँ.

Career को अच्छा व सुनिश्चित करने के लिये unique signature strength को तीन तरीकों से पहचाने.

1) स्वयं के अंदर झांक कर देख लें. Introspection जरूरी.
2) परिवार की सहायता या उनसे feedback लें कि आप दूसरों से किस तरह अलग हैं, और
3) Career Counselor की मदद लें.

......Contd...

BJS
Bharatiya Jain Sanghatana
FAMILY SUMMIT
on Facebook LIVE every day
LIVE @ 4:00 - 5:00pm
1st April to 15th April 2020

April 7 Tuesday
आज दिनांक 7 अप्रेल, 2020 4 से 5 सांय
श्री राजेंद्र लुंकड, इरोड - विषय : Made for Each Other
Fb Link : bit.ly/BJSPune
Scan to Join

## BJS FAMILY SUMMIT Live Face book Series DAY 3

April 3

विद्यार्थियों व युवाओं द्वारा इस online कार्यक्रम में पूछे गए प्रश्नों के आपने निम्न उत्तर दिए :

1. Career नक्की करने के लिए उम्र नहीं अपितु समय या तारीख महत्वपूर्ण है.
2. Marks कम मिले हैं तो चिंता न करें. कागज के टुकड़े से स्वयं को evaluate न करें. हर बच्चा unique होता है. सचिन या लता मंगेशकर कभी कागज़ के टुकड़े के मोहताज़ नहीं रहे.
3. यदि आप extrovert हैं और People Management में मज़ा आता है तो MBA करें और यदि introvert हैं और 8-10 घंटे बैठकर software पर कार्य करने क्षमता है तो MCA ज्यादा ठीक रहेगा.
4. पढ़ने में consistancy नहीं है तो ज़ुनून पैदा करने की कोशिश करो. interest किसमें है उसमें नहीं जाना अपितु ज़ुनून किसमें है, उसे ही चुनना. Interest में क्या मिलेगा पर focus रहता है जबकि ज़ुनून में responsibility पर focus रहता है.
5. Humanities में ज्यादा स्कोप है. IIT मुम्बई, चेन्नई तथा शिलोंग में Humanities के कोर्स चलाये जाते हैं. इसमें शानदार कैरियर बनाने के scope है.
6. Bachelor in Planning ज़ुनून वाला course है. इसके बाद MBA तब ही करे जब Corporate में जॉब करना हो. यदि Govt jobs में जाना हो तो Competitive Exams की तैयारी करें.
7. लेक्चरर बनना है तो BA, MA, M phil और PhD करना होगा जिसमें अनेकों वर्ष पढने लग जाएंगे. बेहतर है प्रोफेशनल कोर्स करो और MBA करलो. इसके teacher नहीं मिलते. Conventional teaching के स्थान पर Professional teaching में बेहतर कैरियर available है.
8. Art & Craft में अच्छे हैं तो NIFT, NID अहमदाबाद के लिए तैयारी करें. उसके अतिरिक्त देहरादून में भी कॉलेज है.
9. फ़िल्म लाईन में जाने हेतु AAFT, Noida में बहुत सारे course हैं. इसमें interest है और ज़ुनून नहीं है तो यह लाईन न चुने.
10. Taxation/ Finance बढ़िया कैरियर option है किंतु यह उनके लिए है जिनकी Maths अच्छी है.
11. आप कितने घण्टे पढ़ते हैं यह महत्त्वपूर्ण नहीं है अपितु आप कितने मिनट concentrate करते हैं यह अधिक महत्त्वपूर्ण है. 3 घंटे के exam में वे ज्यादा सफल होते हैं जो concentrate अधिक करते हैं.
12. BBA के बाद MBA करना चाहिये वह भी शीघ्रातिशीघ्र
13. BA LLB करने के बाद यदि आप introvert हैं तो Corporate चुने ओर यदि आप extrovert हैं तो legislation में कैरियर बनाएं.
14. Career चुनने का आधार Selection नहीं अपितु Matching होता है.
15. B.Com करने पर शायद job न मिले. MBA करके या तो Corporate में जाएं या Govt job हेतु exams की तैयारी करें
16. CA तथा MBA में basic difference यही है कि MBA के लिए Entrance Exam देना पडता है. IIM में जाने के लिए पापड़ बेलने पड़ते हैं. CA में इसके विपरित है, हर कोई जा सकता है. CA में घुसने हेतु द्वार बड़ा और निकलने के लिया छोटा. दोनों में ही Career options अच्छे हैं.
17. Digital Marketing में बड़ा अच्छा scope है. आवश्यकता अविष्कार की जननी है. ग्राहक की आदतें बदल रही है. Outdoor marketing का समय अब समाप्त सा हुआ है.

**श्री रितेश जैन ने सभी विद्यार्थियों तथा युवाओ या उनके अभिभावकों के प्रश्नों के उत्तर ही नहीं दिए अपितु योग्य मार्गदर्शन भी किया. श्री रितेश जैन का recorded कार्यक्रम सुनने के लिए निम्न लिंक पर click करें.**

To view full session : **bit.ly/BJSPune**